## अनियमित विद्युत आपूर्ति और जलापूर्ति से रामगढ़ वासी परेशान : राजेश



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर बताया कि रामगढ़ में आजकल अनियमित विद्युत आपूर्ति और अनियमित जलापूर्ति के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कहा की इस भीषण गर्मी में लोगों को पीने के पानी और विद्युत की कमी दोनों का सामना करना पड़ रहा है। कहा की विद्युत के अनियमित आपूर्ति से जहां किसानो को दिक्क़त हो रही है वहीं, छात्रों की पढ़ाई भी इससे प्रभावित हो रही है. साथ ही अलग अलग कार्यालयों के काम काज पर भी अनियमित विद्युत आपूर्ति का प्रभाव दिख रहा है। कहा की इन जन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाये नही तो इस मुद्दे पर जन आंदोलन किया जाएगा।

### नशापान के खिलाफ महिला पुलिस का जागरूकता अभियान, जागरूकता रथ रवाना

# नशापान हर दृष्टि से बनाता है खोखला : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** जो हुआ नशा का शिकार, उसका उजड़ा घर परिवार के नारों के साथ एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल के निर्देशन में बरही चौक पर नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। जिसकी अगुवाई सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार व महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस और महिला पुलिस के जवान नशा विरुद्ध स्लोगन के साथ हाथों में तख्तियां लेकर लोगों को नशा के विरुद्ध जागरूक कर रहे थे।

एसडीपीओ ने लोगो से नशापान के खिलाफ चलाए जा रहे मुहिम में साथ देने की अपील किया। उन्होंने कहा कि नशापान किसी भी स्थिति में सही नहीं है, इसने कई को कंगाल तो कई को मौत का निवाला बनाया है। नवयुवकों के भविष्य या नौनिहालों के जीवन को तबाह किया है। कितनी माताएं और बहनें अपने शराबी और नशीले पति के कारण आत्महत्याएं तक की है।

नशापान हमारे समाज को दीमक की तरह चाट कर खोखला किया है। इसका प्रयोग या सेवन अथवा खरीद बिक्री या परिवहन करना कानूनी जुर्म है। पकड़े जाने पर सख्त सजा के प्रावधान हैं। उन्होंने लोगो से बरही अनुमंडल को नशामुक्त बनाने में सहयोग की अपील किया है। सर्किल इंस्पेक्टर ने भी लोगो से नशामुक्त अभियान का हिस्सा चरस, अफीम, डोडा, हिरोइन, शराब इत्यादि जैसे नशीले पदार्थ हमारे समाज का कोढ़ है। ऐसे उत्तेजक और नशीले पदार्थ से हम सबों को दूर रहना है। आम लोगो से भी इसकी खरीद बिक्री करने वालो की गोपनीय जानकारी देने की अपील किया। इस अवसर पर एसडीपीओ, सर्किल इंस्पेक्टर व महिला थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ रवाना किया। स्वयं इस अभियान के हिस्सा बने और नशा विरुद्ध नारे लगाकर लोगो को जागरूक किया।

## सिर्फ़ शासन ही नहीं बल्कि 11 वर्ष राष्ट्र निर्माण की अद्वितीय गाथा है : विधायक

- पीएम के 11 वर्ष अभियान के तहत विधायक आवास पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** पीएम मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा पूरे देश में अमृत काल कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस दौरान केंद्र के 11 वर्षों की विकास व शासन यात्रा को आमलोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत पटना रोड स्थित विधायक आवास पर कार्यक्रम आयोजित गया. जिसमें बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम प्रभारी आनंद देव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल हुए. जिसका संचालन पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी ने किया। विधायक श्री यादव ने पीएम मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल को देश के लिए अमृतकाल बताते हुए केंद्र के विभिन्न योजनाओ, सेवाओ और सुशासन तथा उपलब्धियों पर चर्चा किया। उन्होंने गरीब कल्याण कार्यक्रम, आत्मनिर्भर भारत की नींव, राष्ट्रवाद व संस्कृति का उत्थान तथा तकनीक, बुनियादी ढाँचा व वैश्विक नेतृत्व पर भारत के विकास यात्रा की चर्चा करते हुए पीएम मोदी को आजादी के बाद देश में पहली बार विकास की लकीर खींचने वाला पीएम बताया. उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ शासन ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की अद्वितीय गाथा है। यह 11 वर्ष के विकास यात्रा एक विश्वास, एक संकल्प, एक भारत की गाथा है।

### बिजली की आंख- मिचौली से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता कर रही है त्राहिमाम

# सांसद मनीष ने लिया निर्णय, आज बिजली विभाग में होगा हल्ला बोल

- हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता से सांसद ने की अपील, कहा अंधेरे से बाहर लाने के इस जनआंदोलन में बनें सहभागी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सांसद मनीष जायसवाल ने बताया**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में पिछले करीब एक पखवाड़े से बिजली की जो समस्या है ऐसा लग रहा है जैसे हमलोग को लालटेन युग में पहुंचा दिया गया है। इस प्रचंड गर्मी में महज़ दो- चार घंटे भी बिजली सही से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। शहर में थोड़ा तो राहत है भी लेकिन ग्रामीण इलाके में बिजली की आंख- मिचौली और जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

**हजारीबाग ।** बिजली की आंख- मिचौली से परेशान व त्रस्त हजारीबाग और रामगढ़ जिला वासियों के दर्द को महसूस करते हुए बिजली की स्थिति में सुधार को लेकर लगातार प्रयासरत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने एक सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की लगातार बदहाल स्थिति, विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और झारखंड की गठबंधन सरकार के कुशासन के विरुद्ध उन्होंने जन आंदोलन का रुख इख्तियार किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जन- भावना के अनुरूप हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र में बिजली संकट से त्रस्त जनता, लालटेन युग में पूरे क्षेत्र को धकेला जाना, जनता की अनदेखी और बिजली विभाग के अफसरों की अकर्मण्यता, जनप्रतिनिधियों की चेतावनी के बावजूद विभागीय घोर उदासीनता के मुद्दे को लेकर 16 जून 2025 ( दिन- सोमवार ) को प्रातः 11:00 बजे से हजारीबाग शहर के जुलू पार्क स्थित बिजली विभाग के महाप्रबंधक एवं अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम के जरिए हजारों लोगों के साथ प्रचंड विरोध प्रदर्शन व घेराव का निर्णय लिया है । उन्होंने कहा कि हमलोग लगातार लगे हुए थे कि बिजली में सुधार हो। लेकिन रोज विभागीय अधिकारियों के द्वारा कमिटमेंट करने के बाद थोड़ा सा भी सुधार नहीं हो पाया है जिसे लेकर हमने हजारीबाग लोकसभा वासियों के मनोभावना के अनुरूप उनके संग निर्णय लिया है कि की सोमवार को हजारीबाग बिजली विभाग के जीएम ऑफिस का घेराव करेंगे और जब तक बिजली की स्थिति सुधार नहीं जाय तब तक अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे।

उन्हें हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि आइए हजारीबाग और रामगढ़ को अंधेरे से बाहर लाने की जन- आंदोलन में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि बिजली नहीं होने से पानी सप्लाई भी प्रभावित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि बीते गुरुवार को सांसद मनीष जायसवाल सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता के साथ बिजली विभाग के एसी कार्यालय पहुंचे थे जहां एससी अशोक कुमार उपाध्याय सहित अन्य संबंधित विभाग या अधिकारियों से क्षेत्र की बदहाल बिजली व्यवस्था पर चर्चा करने के बाद उन्होंने 24 घंटे में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। बावजूद इसके बिजली में सुधार नहीं होने पर उन्होंने शनिवार को धरने का घोषणा किया था लेकिन हैदराबाद में हुए प्लेन क्रेस के शोक में इसे स्थगित किया गया था। अब स्थिति में सुधार नहीं होने पर 16 जून को क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती और बिजली की को व्यवस्था के खिलाफ विभाग में हल्ला बोल कार्यक्रम के साथ प्रचंड विरोध और धरना का घोषणा किया गया है। इधर सांसद मनीष जायसवाल के इस जनहित के पहल को पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाके से पुरजोर समर्थन मिल रहा है ।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

# जिले के विभिन्न प्रखंडों में शिविरों का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के निर्देशानुसार 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक की अवधि को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। अभियान के सफल संचालन हेतु उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में उपायुक्त के निर्देश पर रविवार को अभियान के पहले दिन जिले के विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान आम जनों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पीएम जनमन, मनरेगा, वन धन योजना, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, जनधन योजना, पीएम विश्वकर्मा, जल जीवन मिशन, विभिन्न पेंशन योजनाओं सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने हेतु निर्धारित प्रक्रिया की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

## बड़े पुल निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** डीएमएफटी योजना के तहत पतरातू प्रखंड के बलकुदरा स्थित प्राचीन मंदिर के पास बड़े पुल के निर्माण कार्य का शुभारंभ रविवार को बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा किया गया। शिलान्यास समारोह में विधायक ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़ते हुए कार्य का शुभारंभ किया और शिलापट्ट का अनावरण किया। विधायक श्री चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस पुल के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी और क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित हो सकेगा। मौके पर जिला पार्षद सह सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, रविंद्र यादव, शशि कुमार, प्रमोद साहू, अशोक प्रसाद, अयोध्या प्रसाद आदि उपस्थित थे ।

## प्रभात रंजन अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ बीएमएस के प्रमंडलीय सचिव बने

**रामगढ़।** अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ बीएमएस संगठन पोस्टल यूनियन जीआर सी झारखंड परिमंडल के परमंडलीय कार्यसमिति की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को विश्वकर्मा भवन, भारतीय मजदूर संघ कार्यालय, पुलिस लाइन, धनबाद में संपन्न हुई । कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड परमंडलीय अध्यक्ष रंगेश कुमार ने की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रभात रंजन को पुनः अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ बीएमएस संगठन पोस्टल यूनियन जीआर सी का झारखंड सर्किल का परमंडलीय सचिव बनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ झारखंड के प्रदेश महामंत्री राजीव कुमार सिंह ने प्रभात रंजन को बधाई देते हुए कहा कि संगठन में कोई बड़ा नहीं होता है।

## जंगल में अज्ञात युवती का मिला शव

### पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू की

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत बनकेशरी जंगल में रविवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ। शव मिलने की खबर से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार कुछ स्थानीय ग्रामीण सुबह बनकेशरी जंगल की ओर गए थे, जहां उन्हें तेज दुर्गंध महसूस हुई। पास जाकर देखा गया तो नमक बिखरा हुआ था और हाल ही में डाली गई मिट्टी के ऊपर से कपड़े की झलक दिखाई दी। शक होने पर ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम उरांव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। खुदाई करवाने पर गड्ढे से एक युवती का शव बरामद हुआ। शव को कपड़े से लपेटकर ऊपर नमक छिड़का गया था और फिर मिट्टी से ढक दिया गया था। पुलिस ने आशंका जताई है कि युवती की हत्या कर शव को ठिकाने लगाया गया है।मामले को और गंभीर बनाता है यह तथ्य कि मृतका का चेहरा बुरी तरह कुचला गया था, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो गया है। थाना प्रभारी गौतम उरांव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल, पुलिस ने हत्या का मामला मानकर जांच शुरू कर दी है और आसपास के थाना क्षेत्रों में गुमशुदगी की रिपोर्टों की भी छानबीन की जा रही है। घटना के बाद से इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। समाचार लिखे जाने तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी ।

## लोक परंपराएं हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता**



**पूर्वी सिंहभूम।** बर्मामाइंस ईस्ट प्लांट बस्ती में आयोजित पारंपरिक पहाड़ी पूजा का रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर महा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। पूजा कमेटी के अध्यक्ष दुर्गा राव ने बताया कि माता को खिचड़ी और खीर का भोग अर्पित किया गया। संध्याकाल में भजन संध्या और आकर्षक झांकियों का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिमी सिंहभूम के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। उन्होंने माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और महा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोक परंपराएं हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं ऐसी लोक परंपराएं हमारी सांस्कृतिक जड़ें हैं। ये कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम हैं। मैं आयोजन समिति को साधुवाद देता हूं जो वर्षों से इस परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। दुर्गा राव ने बताया कि पहाड़ी पूजा की शुरुआत वर्ष 1990 में हुई थी और बीते करीब 25 वर्षों से यह परंपरा निरंतर जारी है।

## वैध कनेक्शन के साथ ही बिजली का करें उपभोग, जारी रहेंगे छापेमारी : सौरभ

**बरही।** एसडीओ (ई) सौरभ लिंडा ने विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ 16 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई है। उक्त कारवाई मुख्यालय रांची के निर्देशानुसार विद्युत ऊर्जा चोरी को रोकने को लेकर की गई है। जानकारी के अनुसार 13 जून को विभाग की ओर से गठित छापेमारी टीम ने क्षेत्र में ऊर्जा चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया था। इस दौरान ग्राम बेला के प्रवीण कुमार धर्मेन्द्र कुमार, करगइयो के केदार पंडित, सुनील यादव, मुकेश यादव, उमेश यादव, संतोष यादव, रामदेव यादव, ग्राम बदियाज्वार के अनीम अंसारी, कयूम अंसारी, रवि पासवान, बद्री पासवान, सफाइल अंसारी, अशोक यादव, ग्राम कोनरा के दिनेश यादव और नौशाद आलम के घर पर सिंगल फेज कनेक्शन व मीटर बाईपास कर अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करते पाया गया। जिनके खिलाफ बरही थाना में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर मामला दर्ज करवाए गए। छापामारी दल में सहायक विद्युत अभियंता सहित कनीय विद्युत अभियंता चौपारण, विद्युत मानव दिवस एजेंसी बरही आदि अन्य कर्मचारी शामिल थे। एसडीओ (ई) श्री लिंडा ने कहा कि अवैध बिजली उपभोग के खिलाफ आगे भी छापेमारी लगातार जारी रहेंगे. उन्होंने उपभोक्ताओं से वैध नियमो के तहत ही बिजली उपभोग करने की अपील किया है।

## विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आयोजित

**रामगढ़ ।** बालिका उच्च विद्यालय कुजू में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए झारखंड सरकार से प्राप्त अनुदान राशि का वितरण व खर्च पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया। साथ ही विकास कार्य की समीक्षा किया गया। मौके पर मांडू विधायक तिवारी महतो ने साफ-सफाई पर ध्यान देने की बात कही। साथ ही सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से बात की । बैठक में विधायक सह प्रबंध समिति के अध्यक्ष निर्मल महतो, सचिव अनीश कुमार गुप्ता, शिक्षाविद सदस्य भोला प्रसाद, परिषद प्रतिनिधि पब्लिक उच्च विद्यालय कुजू के प्रधानाध्यापिका गीतांजलि कुमारी, प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, शिक्षक प्रतिनिधि भुवनेश्वर महतो मौजूद थे ।

## लोहार टोली आंगनबाड़ी केंद्र का समरसिब्बल चोरी, नौनिहालों के समक्ष पेयजल संकट

**बरही।** आंगनबाड़ी केंद्र लोहार टोली के हैंडपंप से समरसिबल मोटर चोरी का मामला उजागर हुआ है. सेविका अनिता देवी की लिखित शिकायत पर बरही थाना में चोरी की प्राथमिकी दर्ज किया जा चुका है. शिकायत के अनुसार प्रतिदिन की तरह 11 जून को वह पूर्वाह्न केंद्र बंद की थी। उस समय केंद्र के सभी सामान सुरक्षित थे। परंतु 12 जून की सुबह 7 बजे केंद्र खुलने पर हैंडपंप से समरसिबल मोटर गायब पाया गया. मोटर चापाकल के बोरिंग में बाहर की ओर लगी थी, जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है. इसकी जानकारी उन्होंने ने स्थानीय जिप सदस्या, मुखिया और वार्ड सदस्य को देते हुए थाना में मामले की प्राथमिकी दर्ज करवाई. मोटर चोरी होने से आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है. सेविका अनिता देवी ने प्रशासन से त्वरित कारवाई करते हुए पेयजक हेतु शीघ्र समरसिबल मोटर की व्यवस्था करवाने की मांग किया है।

## एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन रामगढ़ को मिले दो गोल्ड मेडल

**रामगढ़।** द्वितीय झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप जामताड़ा में आयोजित की गई है. प्रतियोगिता में पहले ही दिन रामगढ़ जिले को दो गोल्ड मेडल प्राप्त हुए हैं. यह जानकारी रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीडी सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि पहले दिन 16वर्ष बालिका ग्रुप में निधि तिर्की ने 80 मीटर हर्डल में गोल्ड व ऊंची कूद में तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, 16 वर्ष बालक ग्रुप में विमल राज ने शॉट पुट में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिला का मान बढाया है.इस उपलब्धि के लिए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सूरज मुंडा, विश्वजीत मुंडा, महावीर, विक्की दास, श्रीतन वर्मा, महेश, अजय कुमार ने टीम को बधाई दी है।

**सरकारी योजना**

### भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल द्वारा कार्यशाला का आयोजन

# पीएम के नेतृत्व में पूरे विश्व में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है : प्रवीण

- योजना के तहत झारखंड में 2 करोड़ 60 लाख लोगों को इसका लाभ मिलता है

**नवीन मेल संवाददाता**



**कार्यक्रम में शामिल लोग**

इलारानी पाठक, प्रोफेसर संजय प्रसाद सिंह, शीतल सिंह, सहदेव ठाकुर, शिव कुमार महतो मनोज जायसवाल, शशि शेखर सिंह भगवान प्रसाद संतोष कुमार शाह, सुशांत पांडे, बृजेश पाठक, मंडल महामंत्री ऋषिकेश ,सिंह मिथिलेश मंडल, अजीत गुप्ता ,सुरेंद्र शर्मा, मणिशंकर ठाकुर, जगदीश शर्मा, सत्यजीत चौधरी, धीरज साहू, प्रफुल्ल नारायण त्रिपाठी शिवकुमार गुप्ता, दिनेश प्रसाद्र, सरदार कुलजीत सिंह होरा, अमित ठाकुर, राजेश प्रसाद, गुप्ता संतोष साहू, प्रमोद ओझा, अरविंद साह आदि शामिल हुए।

रविवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल का मंडल स्तरीय कार्यशाला शहर के ब्रह्मऋषि धर्मशाला के सभागार आयोजित किया गया । कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया ।

मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंडल अध्यक्ष ने विषय प्रवेश करवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना के अंतर्गत 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मुक्त राशन मिल रहा है । कहा की योजना के तहत झारखंड में 2 करोड़ 60 लाख लोगों को इसका लाभ मिलता है ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए अनेक लाभकारी योजना जैसे भारत में एक उड़ान में 104 उपग्रह और पहला निजी रॉकेट विक्रम इस लॉन्च कर नया रिकॉर्ड बनाया। उपाध्यक्ष रंजन सिंह फौजी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मन निधि से किसानों को हर वर्ष 6000 की सहायता कर अब तक 3.7 लाख करोड़ वितरित किया है ।

झारखंड में 27 लाख किसानों को इसका लेबग मिलता है। शिवकुमार महतो ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं को लोग पसंद करते हैं यही कारण है की पीएम मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आए । कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन मंडल के महामंत्री मिथलेश मंडल के द्वारा किया गया।

# उमस भरी गर्मी से मिली राहत, झमाझम बारिश ने मौसम को किया सुहाना

- लगातार 15 दिनों की भीषण गर्मी और उमस ने जनजीवन को किया प्रभावित
- कूलर-पंखे भी फेंक रहे थे गर्म हवा, राहत नहीं मिल रही थी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिले में लगातार 15 दिनों से भीषण गर्मी और उमस ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया था। तापमान में लगातार वृद्धि और हवा की नमी के कारण लोग बेहद परेशान थे। दिन हो या रात, कूलर और पंखे तक गर्म हवा फेंक रहे थे, जिससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही थी। गर्म हवाओं और लू की चपेट में आने से कई लोग बीमार पड़ गए, खासकर बच्चे और बुजुर्गों की तबीयत अधिक खराब हो रही थी।इधर रविवार को चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच अचानक मौसम ने करवट ली। दोपहर बाद तेज हवा के साथ काले बादल घिर आए और कुछ ही देर में झमाझम बारिश शुरू हो गई। यह बारिश करीब एक घंटे तक रुक-रुक कर होती रही, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया, सड़कें भीग गईं और पेड़-पौधों में हरियाली लौट आई।हालांकि, मौसम में बदलाव के साथ कुछ सावधानियां बरतने की भी जरूरत है। बारिश के चलते जमीन में रहने वाले जीव-जंतु, जैसे सांप और बिच्छू बाहर निकल सकते हैं, जिससे खतरा बढ़ गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के बाद सांप-बिच्छू के काटने की घटनाएं आम हो जाती हैं, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

## सिमडेगा में आंधी-तूफान के बीच विशालकाय पेड़ गिरा, आवागमन बाधित





नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** रविवार दोपहर को आए तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश के बीच सदर अस्पताल के पास एक विशालकाय आम का पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया। तेज हवा के झोंकों और लगातार बारिश के चलते जड़ से उखड़कर गिरा यह पेड़ मुख्य सड़क पर फैल गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आपसी सहयोग से पेड़ की टहनियों को काटकर सड़क से हटाना शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद रास्ते को आंशिक रूप से साफ किया गया, जिसके बाद आवागमन फिर से सुचारू रूप से शुरू हो सका। स्थानीय लोगों के शिकायत के बाद नगर परिषद सिमडेगा की ओर से जेसीबी लाकर सड़क पर गिरे पेड़ को हटवाते हुए सुचारू रूप से यातायात को प्रारंभ कराया।

## सेवई गांव में महिला को सांप ने काटा सदर अस्पताल में भर्ती

**सिमडेगा।** सेवई गांव में शनिवार देर रात एक महिला को विषैले सांप ने डस लिया, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, बासमती देवी नामक महिला रात में अपने घर के आंगन में जमीन पर सो रही थी। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया।सांप काटने की घटना के बाद बासमती देवी की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों ने तत्काल स्थिति को समझते हुए देर रात ही उन्हें सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों की टीम द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है।डॉक्टरों के अनुसार, महिला को समय पर अस्पताल लाया गया, जिससे प्राथमिक इलाज संभव हो सका है। फिलहाल बासमती देवी की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ने कहा कि अगर किसी को जहरीले सांप काटता है तो झाड़फूंक में ना पड़कर तुरंत अस्पताल लाये।

## वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा के निर्देश पर जिला मुख्यालय स्थित वृद्धा आश्रम में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पारा लीगल वोलेंटियर के द्वारा बुजुर्गों को कानून की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आज 15 जून को हम सब विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के रूप में मानते हैं। इस दिवस को मानने को लेकर कहा कि विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार चाहे वह मौखिक,शारीरिक या भावनात्मक हो। समाज में बुजुर्गों का सम्मान करें। अपने बड़ों का सम्मान करें और उनसे प्यार करें क्योंकि उन्होंने भी आपको वही सम्मान और प्यार दिया है। अपने बड़ों के साथ अच्छा समय बिताएं। हम अपने बुजुर्गों पर ध्यान केंद्रित करें कि वे उच्च गुणवत्ता और सम्मान का जीवन जीएं। बुजुर्ग से बात करे उनके लिए थोड़ा समय निकाले। कहा गया कि जिस तरह माता-पिता हम सब को पालते है तो हम सब अपने जिम्मेवारी को समझते हुए उनको भी देख भाल करें उनका सम्मान करें। पीएलवी ने बुजुर्ग से संबंधित कई कानूनी पहलुओं पर जागरूक किया। कहा गया कि जागरूकता दिवस बुजुर्गों के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ शिक्षित करने के लिए समर्पित है। मौके पर पीएलवी दीपक कुमार,अजित केरकेट्टा,सुरजीत प्रसाद,पुरूषोतम दास,रोशन कुल्लू आदि उपस्थित थे।

## गोंडल टोली गांव के समीप इमली की डाली टूटकर सड़क पर गिरी, यातायात प्रभावित




नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा सिमडेगा नेशनल हाईवे 143 गोंडल टोली गांव के समीप इमली की डाली टूटकर सड़क पर गिर जाने के कारण. कुछ देर के लिए सड़क जाम की स्थिति हो गई।ज्ञात हो कि रविवार शाम कोलेबिरा में हुई बारिश के कारण संध्या 6:00 बजे के आसपास कुंडालटोली गांव के समीप इमली की एक विशाल डाली टूट कर सड़क पर गिर गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर कोलेबिरा पुलिस तत्काल गोंडल टोली ग्राम के समीप पहुंची और बीच सड़क में गिरे इमली के विशाल डाली को हटवाया, तब जाकर आवागमन सुचारू रूप से जारी हुई।

## तामड़ा मेंन रोड में बार-बार ट्रांसफार्मर जलने से परेशान लोग

**सिमडेगा।** तामड़ा मेंन रोड स्थित मोहल्ले में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पिछले एक महीने के भीतर यहां का 63 केवीए ट्रांसफार्मर तीन बार जल चुका है, जिससे की लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से लोग अंधेरे में रातें गुजारने को मजबूर हैं।स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने के कारण न केवल रोशनी की समस्या हो रही है,बल्कि गर्मी के इस मौसम में बिजली नहीं होने से बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है।लोग मांग कर रहे हैं कि खराब ट्रांसफार्मर की जगह जल्द से जल्द नया और उच्च क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाया जाए।

## पहानटोली में पीने की पानी को लेकर आक्रोश जलमीनार बना शोपीस



नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** केंद्र एवं झारखंड सरकार की बहुप्रचारित जल-नल योजना पहन टोली गांव में पूरी तरह फेल हो चुकी है। एक साल पहले लाखों की लागत से जलमीनार तो बन गई, लेकिन न पाइपलाइन बिछी, न ही एक बूंद पानी लोगों को नसीब हुआ। इस विफलता के खिलाफ रविवार को गांव में ग्रामसभा की अध्यक्षता में सैकड़ों ग्रामीणों ने आमसभा कर विरोध जताया।सभा में ग्रामीणों ने कहा कि हमें कागजी विकास नहीं, जीने के लिए पानी चाहिए।भारत आदिवासी परिषद के जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने जल मीनार को भ्रष्टाचार की मीनार करार देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक फोटो खिंचाने की योजना बनकर रह गई है।सभा में झारखंड की शराब नीति, पेशा कानून की नियमावली और भूमि बैंक जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरा गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो जलडेगा से जनआंदोलन की चिंगारी उठेगी और पूरे झारखंड में फैलेगी।

## सदर अस्पताल सिमडेगा में स्वास्थ्य कर्मियों को लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सदर अस्पताल सिमडेगा में शनिवार को एक दिवसीय लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व डॉ. भानु प्रताप साहू के द्वारा किया गया, जिसमें अस्पताल के सभी स्वास्थ्यकर्मियों को जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में मरीज को त्वरित और प्रभावी सहायता प्रदान करना था।डॉ. भानु प्रताप साहू ने स्वास्थ्यकर्मियों को सीपीआर तकनीक के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक डेमो के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति के दिल की धड़कन बंद हो जाने या सांस रुकने की स्थिति में तुरंत सीपीआर देना जीवन बचाने में अत्यंत प्रभावी हो सकता है। साथ ही सांस लेने के दौरान उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों को किस प्रकार से दूर किया जाए, इस पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम में एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राएं भी शामिल हुईं, जिन्होंने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लिया। अस्पताल के डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ सहित सभी कर्मी कार्यक्रम में मौजूद थे और उन्होंने इस प्रशिक्षण को बेहद उपयोगी बताया।स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सभी ने सराहना की और ऐसे प्रशिक्षणों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की, जिससे स्वास्थ्यकर्मी आपात स्थितियों में और अधिक दक्षता से कार्य कर सकें।

## विद्यालय की अनोखी पहल घर-घर जाकर सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** एस एस 10+2 उच्च विद्यालय बांसजर ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को रविवार को उनके घर जाकर सम्मानित कर एक प्रेरणादायक पहल की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक लक्ष्मी नारायण सिंह के नेतृत्व में शिक्षकगण पूनम खलखो, अरुण कुमार, अनूप डूंगडुंग और आलोक कुमार सिन्हा ने इस कार्यक्रम को एक उत्सव का रूप दिया।विद्यार्थियों को उपहार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खास बात यह रही कि उनके पूरे गाँव को भी योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इंटर कला वर्ग की सरिता डांग को विशेष सम्मान मिला, जिन्होंने विद्यालय में प्रथम और जिले में आठवाँ स्थान प्राप्त किया। अन्य होनहार छात्रों में भगवती सिंह, पूनम बारला, मनीषा टेटे, अरविन्द प्रधान आदि शामिल रहे।इस पहल से समाज और विद्यालय के बीच एक गहरा भावनात्मक संबंध बना। गाँव वालों ने इस अभिनव सोच की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल सम्मान नहीं, बल्कि पूरे गाँव की जीत है। विद्यालय ने आगे भी ऐसी जन-संवेदनशील पहल जारी रखने का संकल्प लिया।

## बसईरकोचा जंगल में मिली युवक की लाश हत्या की आशंका

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बसईरकोचा जंगल में 12 जून बोरे में बंद एक अज्ञात युवक का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घोड़ी टोली और लतापानी गांव के बीच जंगल में जब स्थानीय लोगों ने दुर्गंध महसूस की तो उन्होंने एक बोरे में बंद सड़ी-गली लाश देखी और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की, लेकिन उस समय तक युवक की पहचान नहीं हो पाई थी। शव की हालत काफी खराब थी, जिससे अनुमान लगाया जा रहा था कि मौत कई दिन पहले हुई होगी। पुलिस ने शव को सिमडेगा सदर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया और पहचान की प्रक्रिया शुरू की।रविवार, 15 जून को शव की पहचान सुशील बा के रूप में की गई, जो बस पहाड़ गांव का निवासी था। पहचान की पुष्टि मृतक की मां द्वारा की गई, जो प्रखंड प्रमुख की मौजूदगी में मोर्चरी पहुंचीं थीं। मृतक की मां ने बताया कि सुशील की पहली पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। इसके बाद उसका प्रेम संबंध पड़ोस के ही एक गांव की महिला से हो गया था। 6 जून को वह उसी महिला से मिलने के लिए घर से निकला था, जिसके बाद से वह लापता था। इधर पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दीं है।

## बरवाडीह में कसौंधन वैश्य समाज का स्थापना दिवस व प्रतिभा सम्मान समारोह



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत कसौंधन वैश्य समाज बरवाडीह ने 21वां स्थापना दिवस सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम के साथ मनाया गया। महर्षि कश्यप जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया एवं महर्षि कश्यप जी की आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में मैट्रिक और इंटर के परीक्षा में प्रथम स्थान में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया, जिसमें हर्ष कुमार, श्रुति कुमारी, सुहाना कुमारी, स्तुति कुमारी, एवं चांदनी कुमारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज के अध्यक्ष बसंत प्रसाद, कोषाध्यक्ष मुनेश्वर प्रसाद, एवं सचिव मनोज कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज के महिलाओं की भागीदारी ज्यादा नजर आई। स्थापना दिवस के मौके पर समाज में कई नए सदस्यों का भी सदस्यता ग्रहण कराया गया। इसी दौरान सुनील कुमार ने उपस्थित छात्रों को शिक्षा के महत्व के बारे में बतलाया, वहीं समाज के वरिष्ठ सलाहकार गुलाब प्रसाद साहू ने कसौंधन वैश्य समाज एवं सामाजिक एकता के बारे में बताया। इसके बाद समाज के अध्यक्ष बसंत प्रसाद ने महर्षि कश्यप जी के जीवनी पर एवं उनके रहस्यों के बारे में व्याख्या किया। वही मंच संचालन के लिए समाज के मीडिया प्रभारी सुमंत कुमार की काफी सराहना किया गया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन त्रिवेणी प्रसाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गणपत प्रसाद, बलराम प्रसाद, भोला प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, बलदेव प्रसाद, हितेश्वर प्रसाद, हेमंत प्रसाद, आरती देवी, इंदु देवी, ज्योति कश्यप, संगीता कश्यप, सरिता देवी, के अलावा समाज के सैकड़ो सदस्य उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की नई कमेटी गठित, रावेल लकड़ा बने अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** संगठन सृजन 2025 के तहत जिला कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग, सिमडेगा जिला समिति का पुनर्गठन कर नई 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इस नई कमेटी की अध्यक्षता रावेल लकड़ा को सौंपी गई है। कमेटी का गठन कांग्रेस के संगठनात्मक विस्तार और अल्पसंख्यक वर्ग के सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए किया गया है।नई जिला समिति में उपाध्यक्ष के रूप में मो० जमीर हसन, अमीत डुंगडुंग, मो० जफर और विनोद कुजूर को शामिल किया गया है। वहीं महासचिव पद पर संजय हेरेंज, अंजर आलम, तेरस एक्का, मो० एहसान, विलसन मांझी, मो० अफजल, रघु पात्रो, अयूब अंसारी, मो० अबरार रजा और संदीप लकड़ा को मनोनीत किया गया है।कमेटी के अध्यक्ष रावेल लकड़ा ने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग का यह पुनर्गठन समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सभी नवमनोनीत पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## न्यूज बॉक्स

### कोलेबिरा: बिना हेलमेट के 05 वाहन चालकों का चालान काटा गया




**सिमडेगा।** कोलेबिरा-कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत NH-143 रांची-सिमडेगा मुख्य मार्ग जुरकेला मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया।चेकिंग में बिना हेलमेट के 05 वाहन चालकों का चालान काटा गया।थाना प्रभारी कोलेबिरा शशिशंकर सिंह के निर्देश पर कोलेबिरा थाना के एएसआई इंद्रजीत समद और एएसआई कौशल किशोर सिंह के नेतृत्व में जुरकेला मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया इस दौरान दोपहिया,तीन पहिया व चार पहिया वाहन के कागजात डिक्की हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी और 06 वाहन चालकों का चालान काटा गया।ए एस आइ इंद्रजीत समद ने बताया कि टेंपो में चालकों को अगले सीट पर महिलाओं को नही बैठाने हिदायत दी गयी।पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी।उन्होंने कहा दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर ही गाड़ी चलाएं,चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाएं।अभियान को सफल बनाने में पुलिस बल के जवानों ने भी भागीदारी निभाई।

### हॉकी झारखंड सब-जूनियर चैंपियनशिप में भागीदारी के लिए जिला टीम चयन ट्रायल 17 को

**सिमडेगा।** आगामी 20 जून से 24 जून 2025 तक जमशेदपुर में आयोजित होने वाली हॉकी झारखंड राज्य स्तरीय सब-जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2025 में सिमडेगा जिला टीम की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा।यह चयन ट्रायल दिनांक 17 जून 2025 को अपराह्न 4:00 बजे से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, सिमडेगा में आयोजित किया जाएगा। हॉकी सिमडेगा द्वारा आयोजित इस ट्रायल में जिले के ऐसे पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिनका जन्म 1 जनवरी 2006 या उसके बाद हुआ हो।हॉकी सिमडेगा के अधिकारियों ने जानकारी दी कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आधार कार्ड तथा नगर निगम या पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। दस्तावेज की जांच के बाद ही खिलाड़ियों को ट्रायल में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।उल्लेखनीय है कि सिमडेगा देश में हॉकी का गढ़ माना जाता है और हर वर्ष यहां से प्रतिभावान खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है।

### लचरागढ़ में चैट जीपीटी व एआई टूल्स की ट्रेनिंग, 1 जुलाई से क्लासेस शुरू

**कोलेबिरा।** तकनीकी युग की जरूरत को देखते हुए लचरागढ़ में पहली बार चैट जीपीटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स से संबंधित स्मार्ट वर्क क्लासेस की शुरुआत होने जा रही है। यह प्रशिक्षण आगामी 1 जुलाई 2025 से सक्सेस पॉइंट कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान, द्विवेदी कंपलेक्स में शुरू होगा।संस्थान के निदेशक कुंदन कुमार ने बताया कि यह कोर्स खासतौर पर छात्रों, युवाओं और तकनीक में रुचि रखने वालों के लिए तैयार किया गया है, जो आज के डिजिटल युग में स्मार्ट वर्क की तकनीक सीखना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थी कंटेंट लेखन, प्रोजेक्ट निर्माण, डिजिटल मार्केटिंग, पढ़ाई में सहूलियत और अन्य कार्यों को चैट जीपीटी व एआई टूल्स की मदद से अत्यंत आसान बना सकते हैं।कोर्स की अवधि एक माह रखी गई है और इसे कोई भी इच्छुक छात्र-छात्रा कम समय में पूर्ण कर सकता है। कोर्स के अंत तक प्रशिक्षणार्थी तकनीक में दक्षता हासिल कर सकेंगे और कम समय में बेहतर कार्य संपादित कर पाएंगे।संस्थान द्वारा नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी संस्थान के कार्यालय में संपर्क कर सीट सुरक्षित कर सकते हैं।

**विदाई समारोह** श्रद्धा, समान और कृतज्ञता का क्षण है विदाई सह स्वागत समारोह

# सोगड़ा चर्च में पुरोहितों का भावभीना विदाई-संवागत

- मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा रहीं मौजूद
- धर्मगुरुओं के कार्यों की सराहना, समाज को मार्गदर्शन और सेवा के लिए धन्यवाद

नवीन मेल संवाददाता





पाकरटांड़ प्रखंड के सोगड़ा चर्च परिसर में स्थानांतरित हुए दो पुरोहितों का विदाई समारोह सह नव पदस्थापित एक पुरोहित व दो धर्मबहनों का स्वागत समारोह हुआ। स्वागत समारोह में मुख्य रुप से जिप सदस्द जोसिमा खाखा उपस्थित थी। कार्यक्रम में स्थानांतरित हुए डिकन फा सुधीर लकड़ा एवं सहायक पल्ली पुरोहित फा प्रदीप टोप्पो को विदाई दी गई। जबकि नप पदस्थापित पुरोहित फा अलेक्स किंडो, धर्मबहनें सि अंजली, सि रोशलिन किड़ो का स्वागत किया गया। सभी लोगों को जोसिमा खाखा सहित अन्य लोगों को उपहार दिया। साथ ही सभी सुखद जीवन की ईश्वर से प्रार्थना की। जोसिमा ने स्थानांतरित हुए धर्मगुरुओं के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। साथ ही सभी के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक साथ विदाई और स्वागत समारोह का यह पल श्रद्धा, समान और कृतज्ञता का क्षण है। विदा हो रहे दोनों धर्मगुरु हमारे गांव, समाज को जिस मार्गदशन, सेवा और आशीर्वाद से नवाजा है वह अविस्मरणीय है। दोनों पुरोहितों ने धर्म का प्रचार करने के साथ साथ प्रेम, करुणा और मानवता का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम को पल्ली पुरोहित फा सिलबानुस केरकेट्टा ने भी संबोधित किया। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रदर अमृत सोरेंग, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, निलिमा मिंज, किशोर मिंज, ममता, समीर किंडो, जोन कुल्लू सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# फेक फेसबुक आईडी से सावधान रहें: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नाम से किसी अज्ञात व्यक्ति की ओर एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई है। यह फेक प्रोफाइल आम नागरिकों को भ्रमित करने और संभावित साइबर अपराध को अंजाम देने के उद्देश्य से बनाई गई प्रतीत हो रही है। रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कार्य साइबर अपराध की श्रेणी में आता है और इसकी जांच साइबर सेल, जमशेदपुर की ओर से की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति को इस फर्जी आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट, असामान्य या संदिग्ध संदेश प्राप्त होता है, तो वे तुरंत उस आईडी को रिपोर्ट एवं ब्लॉक करें। साथ ही, इस संबंध में सूचना तत्काल साइबर सेल या जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय को दें। प्रशासन ने नागरिकों को आगाह किया है कि वे किसी भी सोशल मीडिया प्रोफाइल से प्राप्त संदेशों पर आंख मूंदकर विश्वास न करें और किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि अवश्य करें। यह घटना एक बार फिर इस बात की याद दिलाती है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सतर्कता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।



## फोरलेन ओवरब्रिज को जोड़नेवाले मार्ग का नाम स्व ज्ञान रंजन के नाम पर रखा जाएः अरूण कुमार सिन्हा



**रामगढ़।** रातू रोड से फोरलेन ओवरब्रिज को जोड़ने के लिए बन रहे मार्ग का नाम झारखंड अलग राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद स्व ज्ञान रंजन के नाम पर रखा जाए। यह मांग रविवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने बताया कि स्व ज्ञान रंजन की अलग झारखंड राज्य आंदोलन में बहुत बड़ी भूमिका है । अलग झारखंड के निर्माण में उनकी भूमिका काफी अहम थी। बताया कि स्व ज्ञान रंजन ने अरूण कुमार सिन्हा, सावना लकड़ा, केशव महतो कमलेश, अनादि बर्न, गुलफान मुजबी, स्व सत्येन्द्र जायसवाल, आभा सिन्हा, सरफराज अहमद, प्रतिभा पांडे, स्व अरूण पांडे, स्व आरपी राजा, मंजूर अहमद अंसारी, भूम साहू, स्व सत्यदेव तिवारी, प्रदीप तुलस्यान, शैलेश सिंहा, खोगेन्द्र साव, भीम साव, ब्रजकिशोर गांधी आदि लोगों के साथ अलग झारखंड राज्य के लिए लगातार अभियान चलाया। इस क्रम में पटना में अलग झारखंड राज्य निर्माण की मांग को पटना सचिवालय का घेराव किया। जिसमें पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया। लाठी चार्ज में प्रदर्शन में शामिल कई लोग घायल हो गए। श्री सिन्हा ने कहा कि ज्ञान रंजन एक दूर दृष्टि वाले व्यक्ति थे जो झारखंड निर्माण की आश्वयकता को भलिभांति समझते थे। इसलिए अपने सहयोगियों के साथ उन्होंने लगातार अलग झारखंड राज्य निर्माण के लिए अभियान चलाया। अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण में पूर्व सांसद स्व ज्ञान रंजन की भूमिका को ध्यान में रखकर मैं कांग्रेस पार्टी से भी मांग करता हूं कि रातू रोड से फोरलेन ओवरब्रिज को जोड़ने के लिए बन रहे मार्ग का नाम उनके नाम पर रखा जाए। उनकी लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि और सम्मान होगा। बताया कि ज्ञान रंजन एक ऐसे व्यक्ति थे जिनके पास जो भी व्यक्ति मदद के लिए जाता था उसकी वे हर प्रकार के मदद करते थे। वे सामाजिक गतिविधियों से हमेशा जुडे. रहे। बेड़ो में साई मंदिर के निर्माण में उन्होंने योगदान दिया। जिसके उदघाटन में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीबी नरसिम्हा राव पहुंचे थे। उनके द्वारा अस्पताल का भी निर्माण करवाया गया। ताकि लोगों को स्वास्थ्य की सुविधा मिल सके। उनमें लोगों की मदद की भावना थी। इसलिए जो भी उनके पास मदद के लिए जाता था उसकी वे हर प्रकार से मदद करते थे। इतना ही नही स्व ज्ञान रंजन ने लोगों को देश दुनिया की जानकारी देने के लिए दैनिक प्रभात खबर का प्रकाशन आरंभ किया था। ताकि लोगों को देश दुनिया की जानकारियों से रूबरू कराया जा सके। साथ ही उन्होंने युवाओं को शिक्षित करने के लिए स्व महेंद्र महाविद्यालय की शुरूआत की थी।

### आजसू कार्यकर्ताओं ने थामा जदयू का दामन, विधायक ने किया स्वागत

# मैं इन सभी ऊर्जावान साथियों का पार्टी में हार्दिक स्वागत करता हूं : विधायक

- **जदयू का लक्ष्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना और व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाना है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** बिष्टुपुर स्थित पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय के कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां छात्र आजसू पार्टी के जिला प्रभारी हेमंत पाठक के नेतृत्व में कई युवाओं ने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने सभी नवागंतुक कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया। समारोह में युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सरयू राय ने कहा, "जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय नेता नीतीश कुमार के सुशासन, नीति और जनहितकारी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर रविवार को आजसू पार्टी के सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने जदयू का दामन थामा है। मैं इन सभी ऊर्जावान साथियों का पार्टी में हार्दिक स्वागत करता हूं।

उन्होंने आगे कहा कि इन युवाओं की भागीदारी से जदयू की ताकत न सिर्फ जमशेदपुर में बल्कि पूरे कोल्हान क्षेत्र में बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह युवा शक्ति पार्टी को सशक्त बनाने के साथ-साथ प्रशासन की कमियों को उजागर करेगी और जनता की समस्याओं को सही मंच पर पहुंचाकर समाधान दिलाने में मददगार बनेगी। विधायक ने यह भी कहा कि जदयू का लक्ष्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना और व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाना है। इस दौरान पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं ने भी अपनी प्रतिबद्धता जताई और कहा कि वे जदयू की नीतियों के प्रति समर्पित रहेंगे और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के अंत में जदयू नेताओं ने सभी नव शामिल युवाओं को पार्टी के सिद्धांतों की जानकारी दी और उन्हें संगठनात्मक ढांचे में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## आत्महत्या करने के उत्प्रेरक लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज व पीड़ित परिवार को विशेष सहायता देने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**डुमरी।** झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय सचिव अशोक अग्रवाल आजाद ने ईमेल द्वारा प्रमंडलीय आयुक्त, हजारीबाग, डीसी गिरिडीह, एसपी गिरिडीह, प्रभारी एसडीओ डुमरी,सीओ डुमरी को पत्र एवं एसडीपीओ डुमरी व थाना प्रभारी डुमरी को प्रतिलिपि प्रेषित कर कहा है कि डुमरी प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है जिसके कारण ही आज पंचायत सेवक सुखलाल की मृत्यु हुई है।

लिखा है कि मनरेगा योजना के तहत चीनो और चेगड़ो पंचायत सेवक ने अधिकारियों के नाम पर ऑनलाइन और ऑफलाइन रिश्वत लिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया और बाद में केस रफा दफा कर जांच प्रभावित किया गया। लिखा है कि उपरोक्त दो उदाहरण से स्पष्ट है कि बीडीओ का यह कहना कि रुटिंग वर्क के तहत पंचायत सेवकों को काम का लक्ष्य पूरा नहीं करने पर फटकार लगाया जाता है,आंशिक रूप से सत्य है। परंतु मानवीय पहलू और भ्रष्टाचार की विरुद्ध पंचायत सेवक सुखलाल को आत्महत्या करने के उत्प्रेरक लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने व पीड़ित परिवार को विशेष सहायता देना ही एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### झारखंड के चिन्हित आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर की बैठक

# आंदोलनकारियों को उसके अधिकार से वंचित किया जा रहा है : मो मुस्तफा अंसारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गांडेय(गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के जाम जोरी पंचायत के पंदनिया गांव स्थित पब्लिक स्कूल परिसर में झारखंड आंदोलन कारियों की बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित झारखंड आंदोलन कारियों ने अपने हक अधिकार एवं सम्मान पर चर्चा की गयी। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड सहयोगी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह अधिवक्ता मो मुस्तफा अंसारी ने कहा अलग राज्य के आन्दोलन में झारखंड आंदोलनकारियों ने गुरुजी के निर्देश पर आंदोलन किया पर गिरिडीह में झारखंड आंदोलन कारियों को उसके हक अधिकार एवं सम्मान से वंचित किया जा रहा है। दुसरे जिले में झारखंड के चिंहित आंदोलन कारियों को प्रमाण पत्र के साथ पेंशन भी मिल रहा है पर गिरिडीह जिले में करीब तीन हजार आंदोलन कारियों को इससे वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन कारियों को चिंहित तो किया गया परन्तु अभी तक पेंशन के रुप में जो सम्मान मिलना था वह नहीं उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन कारियों के प्रमाण पत्र एवं पेंशन की मांग को लेकर झारखंड आंदोलनकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर अपनी मांग रखेंगे। झारखंड आंदोलन कारियों की मांग पर राज्य सरकार गंभीर नहीं दिखी तो वे आंदोलन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।मौके पर नारायण राणा ,मो अशद अंसारी,देवीश्वर मुर्मू , शिवलाल हांसदा,छत्रधारी सिंह,सनातन बास्के, बालदेव कोल्ह, लालदेव यादव, बालदेव प्रसाद वर्मा,मो असलम अंसारी, सनाउल्लाह, अब्दुल समद,न ईम अंसारी,मिठु मंडल,शिवाजी मुर्मू, रवीन्द्र प्रसाद वर्मा, सुखदेव हांसदा, लोबा राम मांझी,छत्रधारी सिंह, अमित यादव, रामेश्वर सोरेन, मिन्हाज अंसारी,रफीक अंसारी, इम्तियाज अंसारी,भीखारी राणा, सरजु वर्मा ,गंगा प्रसाद वर्मा, नन्दलाल राम, सीतो महतो, सनातन बास्की, अमीत यादव , मुलिन टुडू, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ में शुरू हुआ सात दिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग क्लास



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पतंजलि योग समिति और जिला स्वाभिमान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को साथ दिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग क्लास की शुरुआत की गई है। बाजार टांड जिला मैदान में शिविर का नेतृत्व पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला संयोजक प्रमोद लाल ने किया। युवा भारत के जिला प्रभारी सह योग शिक्षक ठाकुर प्रसाद के द्वारा सात दिवसीय योग कराया जाएगा। यह आयोजन सुबह पांच बजे से सात बजे तक चलेगा। प्रमोद लाल ने कहा कि योग तन, मन से हमें स्वस्थ्य तो बनाता है। शिविर में जॉगिंग, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, भुजंग आसन, मरकट आसन, सर्वांग आसन, मरकट आसन, मंडुक आसन, सूर्य नमस्कार आदि आसन कराए जाएगा। सभी से 21 जून को विश्व योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में भागीदारी करने की अपील की गई है। 20 जून को योग जागरण यात्रा के रूप में नगर भ्रमण कर लोगों को शिविर में शामिल होने के लिये जागरूक किया जाएगा।

## अपनी मां को ढूंढने के लिए 13 साल की बच्ची पहुंची थाने

**रामगढ़।** एक बच्चे के जीवन में उसकी मां का महत्व क्या होता है इस बयां नहीं किया जा सकता। रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा जीपी कॉलोनी में रहने वाली एक 13 साल की बच्ची लवली कुमारी की मां सोनी देवी अचानक गायब हो गई। उसके लापता होने के कारण बच्ची का भी बुरा हाल हो गया।

## महर्षि मेही आश्रम शांति पुरी में विशेष सत्संग 21 जून से

**खूंटी ।** महर्षि मेही आश्रम मुरहू में विशेष त्रिदिवसीय सत्संग कार्यक्रम का आयोजन 21, 22 और 23जून को किया जाएगा। आयोजनकर्ता संरक्षक डॉ डीएन तिवारी, जिलाध्यक्ष डॉ संजय सत्संगी, अध्यक्ष जूरन मुंडा, जगमोहन पूर्ति और रामहरि साव ने बताया कि तीन दिवसीय सत्संग कार्यक्रम में भागलपुर कुप्पाघाट के स्वामी प्रमोद जी महाराज, स्वामी श्याम बाबा सहित अन्य साधु-महात्माओं और विद्वानों का प्रवचन होगा।

## मंडा पूजा धूमधाम से संपन्न, छऊ नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

**रामगढ़, ।** रामगढ़ शहर के पारसोतिया स्थित श्री श्री प्राचीन शिव मंदिर में नौ दिवसीय मंडा पूजा रविवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। सर्व प्रथम बंगाल से छऊ नृत्य का शुभारंभ मुख्य अतिथि डुमरी विधायक जयराम महतो, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल, सम्मानित अतिथि भारती कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इसके बाद मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों को बुके, मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया । मौक पर विधायक जयराम महतो ने मंडा पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं इनके महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात पश्चिम बंगाल के छऊ नृत्य के कलाकारों ने घंटो मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।



**संविधान बचाओ रैली** "आज देश का संविधान खतरे में है

# कांग्रेस त्याग की परंपरा वाला संगठन : बलजीत सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**पूर्वी सिंहभूम।** "जादुगोड़ा में संविधान बचाओ रैली : केंद्र की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का जनजागरण अभियान तेज" पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जादुगोड़ा चौक पर रविवार को विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति विभाग के समन्वयक और कांग्रेस नेता रंजीत राम ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सह जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी और जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए बलजीत सिंह बेदी ने कहा कि "आज देश का संविधान खतरे में है। राहुल गांधी जी संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता उनके संदेश को समयबद्ध ढंग से घर-घर पहुंचाएं।" उन्होंने कांग्रेस को त्याग, तपस्या और बलिदान की परंपरा वाला संगठन बताया।

जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि "सरना धर्म कोड को केंद्र सरकार अविलंब लागू करे। साथ ही संविधान के अनुच्छेद 15(5) के तहत पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निजी शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण झारखंड में तुरंत लागू किया जाए।" उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है और कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी की जातीय जनगणना को लेकर सड़क से सदन तक की लड़ाई के कारण केंद्र सरकार को झुकना पड़ा। इससे देश के करोड़ों वंचित वर्गों को उनका अधिकार मिलेगा, यह बड़ी जीत है। सभा में वक्ता सुबोध सिंह सरदार, हेमेंद्र हांसदा, राजकिशोर यादव, अवधेश सिंह, और रंजीत राम ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, स्थानीय रोजगार, यूसीआईएल माइंस के कुप्रभाव और सीएसआर जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा।

## रांगामाटी पंचायत में 03 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**डुमरी।** रांगामाटी पंचायत के बरमसिया में 03 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन रविवार को प्रखंड प्रमुख उषा देवी शिक्षाविद गुलाबचंद यादव मुखिया जागेश्वर यादव व पंसस नेहा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं बल्लेबाजी कर किया।इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच 17 जून को होगा। प्रमुख ने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट के आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी खेल प्रतिभा को निखरने का अवसर मिलता है।इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अपने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।प्रथम पुरस्कार 25 हजार एवं ट्रॉफी तथा द्वितीय पुरस्कार 15 हजार एवं ट्रॉफी है। मौके पर वार्ड सदस्य समिना खातुन,जमशेद,इरफान,अफजलसरफराज,सद्दाम,सहादत,टिंकू,समशेर आदि उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## बागबेड़ा की मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

**पूर्वी सिंहभूम।** बागबेड़ा नया बस्ती में जैक बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के सम्मान में रविवार को एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से उप मुखिया मुकेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें चार मेधावी छात्राओं—संध्या दास, रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी और श्रुति मिश्रा को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता थे, जिन्होंने छात्राओं को मेडल, अंग वस्त्र और आकर्षक चित्र भेंट कर प्रोत्साहित किया। समारोह के दौरान सुनील गुप्ता और मुकेश सिंह ने घोषणा की कि बागबेड़ा क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में इस प्रकार के प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का उत्साहवर्धन हो सके। इसकी शुरुआत उत्तरी बागबेड़ा पंचायत से की गई है। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे, जिनमें गोपाल पंजियारा, प्रदीप ठाकुर, आनंद कुमार, अमन कुमार, साजन कुमार, संजय ठाकुर, दीपक सिंह, पोरेश कायल, सौरभ अग्रहरि और पंकज पंजियारा प्रमुख रूप से शामिल थे।

## आत्महत्या प्रकरण मामले को ले माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च



**डुमरी।** बलथरिया पंचायत सचिव सुखलाल महतो के आत्महत्या प्रकरण मामले को लेकर रविवार को भाकपा माले प्रखंड कमिटी ने प्रतिवाद बाइक मार्च निकाला।प्रखंड सचिव नागेश्वर महतो के नेतृत्व में कुलगो से निकला प्रतिवाद मार्च सिमराडीह मोड़,डुमरी मोड़,बेरमो मोड़,बस स्टैंड होते हुए इसरी बाजार चौक तक गया जहां से वापस कुलगो पहुंचा वहीं डुमरी चौक में एक सभा की गई।वक्ताओं ने कहा कि सुखलाल महतो ने जो आरोप लगाकर अपनी जीवन को समाप्त कर लिया। वह बेहद ही गंभीर और संवेदनशील है।कहा कि सुसाइड नोट में बीडीओ डुमरी सहित जिन अन्य व्यक्तियों के नाम है उनपर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाये। साथ ही मृतक को एक करोड़ मुआवजा देने, मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की। इस दौरान बगोदर प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो राज्य कमिटी सदस्य पुरन महतो,प्रीतम महतो, भोला महतो,महेन्द्र महतो, जयकुमार महतो, श्यामलाल महतो,विवेक कुमार, प्रदीप महतो,कुमोद यादव, भुनेश्वर महतो आदि शामिल थे।

## विश्व वर्षा वन दिवस और भव्य गंगा आरती का पोस्टर जारी



**रामगढ़।** झारखंड कला सांस्कृतिक संघ की ओर से विश्व वर्षा वन दिवस और भव्य गंगा आरती का आयोजन आगामी 29 जून को रामगढ़ दामोदर नदी तट पर किया जाएगा। उसी को लेकर रविवार को मुक्तिधाम स्थित शिव महायोगी की प्रतिमा के समक्ष पोस्टर और दान कूपन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि संस्था के सरंक्षक अमित कुमार सिन्हा, नंदकिशोर गुप्ता, मनोज मंडल, राजेश प्रसाद उपस्थित थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कैंथ ने किया। संरक्षक अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड कला संस्कृति मंच द्वारा पर्यावरण सरंक्षण और पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन दामोदर नदी घाट पर किया जाएगा। इसका उद्देश्य पर्यावरण के सरंक्षण के साथ साथ नदियों की स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करना है। झारखंड कला सांस्कृतिक संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कैंथ ने बताया कि हमारी संस्था पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए संकल्पित है। इसलिए संस्था की ओर से 29 जून को लोगों के बीच 5001 पौधों का वितरण किया जाएगा। ताकि पर्यावरण के प्रति लोगों भी को जागरूक किया जा सके। मौके पर सोनी कुमारी, अनिता देवी, सत्यजीत चौधरी, सरिता देवी, अभय पॉल, बबली प्रजापति, अंजलि कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस ने मोटरसाइकिल से बरामद किया अवैध अंग्रेजी शराब, आरोपित फरार



**कोडरमा।** कोडरमा थाना पुलिस ने स्थानीय हनुमान मंदिर के समीप वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल (जेएच12आर 6635) पर प्लास्टिक की बोरी में रखे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त किया। बाइक में लोड बोरी से पुलिस ने आरएस ब्रांड 750 एमएल का 12 बोतल, आइकॉनिक व्हाइट ब्रांड 750 एमएल 12 बोतल और मैजिक मोमेंट ब्रांड 750 एमएल 10 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया। मामले को लेकर एसआई दाऊद बाड़ा के बयान पर कोडरमा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। दर्ज प्राथमिकी में एसआई ने कहा है कि वह पुलिस दल के साथ हनुमान मंदिर के समीप वाहन जांच कर रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि मोटरसाइकिल से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब अवैध रूप से झुमरीतिलैया से कोडरमा होते हुए बिहार तस्करी किया जा रहा है। सूचना के आलोक में वाहन जांच सघन पूर्वक किया जा रहा था। इसी क्रम में उक्त मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति पुलिस को देखते, अपनी मोटरसाइकिल को पंजाब होटल के समीप खड़ा कर फरार होने में सफल रहा।

## शपथ-पत्र

**सीरीज नं. 23-24/VI 19414**

मैं, कुश कुमार सिंह पिता जगपत्त सिंह, निवासी ग्राम-राज रति सदन विकास नगर रोड नं०-3, ग्रीन लॅण्ड विद्यालय के पास, हेसाग, पोस्ट-हटिया, थाना-जगरनाथपुर, जिला-रांची, झारखंड, शपथपूर्वक निम्न बयान करता हूँ, जो मेरी जानकारी में सही एवं सत्य हैः-

यह कि मे भारतीय नागरिक हूँ तथा उपरोक्त पता का निवासी हूँ। 'यह कि कौशिक कुमार (KOUSHIK KUMAR) मेरा पुत्र है जिसका जन्म तिथि 25/11/2011 है, जो रीम्स अस्तपताल, बरियातु, रांची द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। यह कि आधार कार्ड संख्या-8377 0774 6673 में मेरे पुत्र का नाम सामी कुमार (SAMI KUMAR) दर्ज है। यह कि कौशिक कुमार (KOUSHIK KUMAR) एवं सामी कुमार (SAMI KUMAR) दोनों ही नाम मेरे पुत्र का है। यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने पुत्र कौशिक कुमार (KOUSHIK KUMAR) का सही नाम आधार कार्ड में सुधार करने हेतू सम्पन्न कर रहा हूँ। यह कि उपरोक्त लिखी बातें मेरे जानकारी में सहीं एवं सत्य है, गलत पाये जाने पर सारी जिम्मेवारी मेरी होगी।

13/06/2026 नोटरी पब्लिक, रांची।

